कार्यालय : नगर निगम मथुरा–वृन्दावन, मथुरा।

संख्याः 907 / नि०वि० / न0नि0म0वृ0 / 2024–25 दिनांक 24 .03.2025

(विज्ञप्ति)

पंजीकरण / नवीनीकरण / उच्चीकरण के सम्बन्ध में सूचना

नगर निगम मथुरा–वृन्दावन के सिविल कार्यों के सम्पादन हेतु वित्तीय वर्ष 2025–26 के लिये ठेकेदारों के पंजीकरण / नवीनीकरण हेतु समस्त श्रेणी के व्यक्तियों / फर्मों से आवेदन पत्र दिनांक 27.03.2025 से 26.04.2025 तक आमंत्रित किये जाते हैं। पंजीकरण / नवीनीकरण हेतु निर्धारित नियम, शर्तें तथा आवेदन पत्र की पुस्तिका हेतु निर्धारित शुल्क धनराशि रू0 500+GST जमा कर दिनांक 26.04.2025 तक नगर निगम कार्यालय से आवेदन पत्र प्राप्त किया जा सकता है। आवेदन पत्र के साथ वांछित जिला मजिस्ट्रेट स्तर से निर्गत चरित्र प्रमाण पत्र, हैसियत प्रमाण पत्र, जी.एस.टी., श्रम विभाग पंजीयन एवं सम्बन्धित फर्म / ठेकेदार द्वारा विगत वित्तीय वर्ष में किये गये कार्यों का विवरण तथा सक्षम अधिकारी द्वारा संतोषजनक कार्य का प्रमाणपत्र इत्यादि दिनांक 26.04.2025 तक जमा किये जायेंगे। निर्धारित अवधि के बाद पंजीकरण हेतु आवेदन पत्रों पर विचार नहीं किया जायेगा।

प्र0 मुख्य / अधिशासी अभियंता
नगर निगम मथुरा–वृन्दावन

प्रतिलिपि :–

1. नगर निगम वेवसाइड पर अपलोड किये जाने हेतु।
2. यूनिकॉम एड / सम्पादक को इस आशय से कि दैनिक समाचार पत्र अमर उजाला, दैनिक जागरण, दैनिक राजपथ में उपरोक्त सूचना समाचार पत्र में एक दिन न्यूनतम फोंट में एवं न्यूनतम दरों पर प्रकाशित कराते हुये प्रकाशित अंक की 03 प्रतियों के साथ बिल भुगतान हेतु प्रस्तुत करने का कष्ट करें।

24.3.2025

प्र0 मुख्य / अधिशासी अभियंता
नगर निगम मथुरा–वृन्दावन